झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची।

**प्रेस विज्ञप्ति**

विज्ञप्ति संख्या–.................................... दिनांक ..............................

**अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका एवं पुराने कागजातों की निलामी हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

---

आयोग द्वारा ली गई विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका, आवेदन पत्र एवं अन्य विविध पुराने कागजातों की श्रेडिंग/कटिंग के उपरान्त नीलामी हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता आयोग के वेबसाईट से संबंधित निविदा संबंधी सूचना प्राप्त कर दिनांक–**28.04.2025** के **अपराह्न 05:00** बजे तक मुहरबन्द निविदा अवर सचिव (सामान्य), झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001 के पते पर हाथों–हाथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा को दिनांक–29.04.2025 के अपराह्न 03:00 बजे आयोग कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा. जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
अवर सचिव (सामान्य),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।

झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची।

अव्यवहृत / व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका एवं पुराने कागजातों की निलामी हेतु निविदा के लिए आवेदन–पत्र

---

आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि **28.04.2025** अपराह्न **05:00** बजे तक।

आवेदनकर्त्ता द्वारा भरा जायेगा

1. आवेदक की विधिक स्थिति (व्यक्तिगत / पार्टनरशिप)..........................................................................
2. आवेदक का नाम / पार्टनरशिप फर्म / कम्पनी / एजेन्सी का नाम ..........................................................
   ..........................................................................................................................................
   (आवेदक / पार्टनरशिप फर्म का आई०डी० यथा– पासपोर्ट, वोटर आई०डी०, G.S.T. रजिस्ट्रेशन नम्बर आदि की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाए)
3. पता ...............................................................................................................................
   ..........................................................................................................................................
   ..........................................................................................................................................
4. दूरभाष नम्बर / मोबाईल नम्बर..........................................................................................
5. फैक्स नम्बर / ई–मेल.....................................................................................................
6. आवेदक का G.S.T. रजिस्ट्रेशन नम्बर (यदि कोई हो)........................................................
7. पार्टनरशिप फर्म / कम्पनी / एजेन्सी का G.S.T. रजिस्ट्रेशन नम्बर........................................
8. आवेदक / पार्टनरशिप फर्म / कम्पनी / एजेन्सी का पैन नम्बर ...........................................
9. प्रतिभूति की धनराशि रुपये–............................... (शब्दों में ..........................................................)
   बैंक ड्राफ्ट संख्या..........................................................दिनांक.................................................
   बैंक का नाम..................................................................................................................

## "निविदा आमंत्रण सूचना"

1. आयोग द्वारा ली गयी विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर पुस्तिका, आवेदन पत्र एवं विविध पुराने कागजातों की श्रेडिंग/कटिंग के उपरान्त नीलामी हेतु निबंधित प्रतिष्ठान जिन्हें इसका अनुभव है, से दिनांक–28.04.2025 के अपराह्न– **05:00** बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. भरा गया निविदा दो सीलबन्द लिफाफे जिसमें एक तकनीकी बीड एवं एक वित्तीय बीड होगा, जिसे एक मुख्य सीलबन्द लिफाफे में डाल कर अवर सचिव (सामान्य), झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001 (झारखण्ड) के पते पर हाथों–हाथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक–28.04.2025 के अपराह्न– **05:00** बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाये।
3. सीलबन्द लिफाफे के ऊपर " अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका एवं पुराने कागजातों की निलामी हेतु निविदा " अवश्य अंकित करें।
4. अव्यवहृत/व्यवहृत प्रश्न–पत्र, उत्तर–पुस्तिका, आवेदन पत्र एवं विविध पुराने कागजातों की संख्या लाखों में है, जिनका अवलोकन कार्यालय अवधि में निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक–22.04.2025 तक आयोग कार्यालय में आकर किया जा सकता है।
5. इच्छुक निविदादाता प्रतिष्ठान का GST No./विगत तीन वर्ष के Income Tax Return तथा PAN No. की प्रति के साथ तकनीकी निविदा डालेंगे तथा वित्तीय निविदा में उल्लिखित दर GST एवं अन्य TAX सहित होगा।
6. निविदादाता को इस आशय का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र तकनीकी निविदा में संलग्न करना अनिवार्य होगा कि :–

   (i) आवेदक या उसके पार्टनर या कम्पनी का नाम, शासन, राज्य सरकार के किसी अन्य विभाग, कार्यालय अथवा निगम की काली सूची में अंकित नहीं है।

   (ii) आवेदक या उसके पार्टनर या कम्पनी के विरूद्ध किसी प्रकार का पुलिस/विजीलेन्स जाँच विचाराधीन नहीं है और न ही उन्हें किसी सक्षम माननीय न्यायालय द्वारा किसी अपराध के लिए कभी दण्डित किया गया है।
7. उल्लेखित कागजातों का निविदादाता द्वारा श्रेडिंग/कटिंग करा कर विक्रय किया जायेगा, जिसका दर (सभी करों सहित) प्रति किलोग्राम में अंकित करना होगा। श्रेडिंग/कटिंग के लिए मशीन निविदादाता को अपने खर्च पर आयोग कार्यालय में लाना होगा तथा अपने खर्च पर श्रेडिंग/कटिंग करा कर बोराबंदी करा कर धर्मकांटा पर खाली वाहन एवं भर्ती वाहन का तौल कराना होगा। बोरा एवं वाहन की व्यवस्था भी निविदादाता को अपने खर्च पर करना होगा।

8. निविदा के साथ अग्रधन की राशि रु0 50,000/– (रुपये पचास हजार मात्र) एवं निविदा शुल्क की राशि रु0 1,000/– (रुपये एक हजार मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, जो झारखण्ड लोक सेवा आयोग के नाम से देय तथा राँची में भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। अग्रधन की राशि अस्वीकृत निविदादाताओं को तुरंत वापस कर दी जायेगी। निविदा शुल्क के रूप में प्राप्त राशि वापस नहीं होगी।

9. सफल निविदादाता को दर स्वीकृति की तिथि से 10 दिनों के भीतर न्यूनतम 100/– (सौ) रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रपत्र में स्वयं के खर्च पर अनुबंध निष्पादित करने पर कार्यादेश दिया जायेगा। निर्धारित अवधि में अनुबंध नहीं किये जाने पर अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी। निविदा अस्वीकृत होने की दशा में अग्रधन की राशि तत्काल वापस कर दी जायेगी।

10. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक–29.04.2025 के अपराह्न–**03:00** बजे आयोग कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी जिसमें निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। बिना कारण बताये आयोग कार्यालय को एक या सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा। सफल निविदादाता को आदेश प्राप्ति के 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर पूर्ण राशि का भुगतान कर कार्यालय से निलामी किया गया सम्पूर्ण कागजात श्रेडिंग/कटिंग कर निविदा की शर्तों के अनुसार उठाना होगा।

11. उक्त निविदा आमंत्रण सूचना आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
अवर सचिव (सामान्य),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।